उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छता, और संक्रमण की रोकथाम के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 आयुष संस्थाओं को दिये पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

24 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित कायाकल्प-आयुष पुरस्कार समारोह में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम और अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के 25 आयुष संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का चार चरणों में मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट पाए गए 25 आयुष संस्थाओं का इन पुरस्कारों के लिये चयन किया गया था।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत केंद्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आयुष संस्थाओं में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम तथा अपशिष्ट प्रबंधन के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने के लिये प्रदेश में कायाकल्प-आयुष का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।
- कायाकल्प-आयुष की शुरुआत के बाद पूरे देश में आज पहली बार छत्तीसगढ़ में आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बाद चयनित संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया।
- केंद्रीय आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव और राष्ट्रीय आयुष मिशन की प्रभारी कविता गर्ग ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 400 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स फंक्शनल हैं। छत्तीसगढ़ को इसके लिये जो लक्ष्य दिया गया था, उसे राज्य ने शत-प्रतिशत हासिल किया है।
- चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै ने समारोह में बताया कि 1174 आयुष संस्थाओं में से 1054 संस्थाओं ने कायाकल्प-आयुष में भागीदारी की।
- कार्यक्रम में आयुष विभाग की संचालक नम्रता गांधी ने आयुष संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिये किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं और कायाकल्प-आयुष के तहत आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बारे में भी बताया।
- कायाकल्प-आयुष के अंतर्गत ज़िला आयुर्वेद चिकित्सालय श्रेणी में ज़िला आयुर्वेद चिकित्सालय जगदलपुर को प्रथम पुरस्कार मिला। ज़िला एलोपैथी चिकित्सालय जगदलपुर में सहस्थापित आयुष विंग तथा आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर सूरजपुर को अपनी-अपनी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- इन तीनों संस्थाओं को क्रमशः दो लाख रुपए, डेढ़ लाख रुपए और सवा लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।
- राजनांदगांव ज़िले के आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ को 50 हज़ार रुपए का द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- आयुष औषधालय श्रेणी में हर संभाग के तीन-तीन संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। इन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 75 हज़ार रुपए, 50 हज़ार रुपए और 25 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।
- रायपुर संभाग में गरियाबंद ज़िले के आयुर्वेद औषधालय अकलवारा को प्रथम, धमतरी के आयुर्वेद औषधालय परसापानी को द्वितीय और रायपुर के आयुर्वेद औषधालय टेकारी (जुलुम) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- बिलासपुर संभाग में रायगढ़ ज़िले के बर्रा, भेडवन और समकेरा आयुर्वेद औषधालय को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया।
- सरगुजा संभाग के अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज ज़िले के होम्योपैथी औषधालय वाड्रफनगर को प्रथम और इसी ज़िले के होम्योपैथी औषधालय पेंड्री को द्वितीय तथा जशपुर ज़िले के आयुर्वेद औषधालय बंदरचुआ को तृतीय पुरस्कार मिला।
- बस्तर संभाग में कोंडागांव ज़िले के आयुर्वेद औषधालय बोरगांव को प्रथम, कांकेर ज़िले के आयुर्वेद औषधालय तरहुल को द्वितीय और इसी ज़िले के आयुर्वेद औषधालय दबेना को तृतीय पुरस्कार दिया गया।
- दुर्ग संभाग के तहत राजनांदगाँव ज़िले के आयुर्वेद औषधालय पदुमतरा को प्रथम, राजनांदगाँव के ही आयुर्वेद औषधालय विचारपुर को द्वितीय तथा कबीरधाम के आयुर्वेद औषधालय सिंघनगढ़ को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- आयुष केंद्र एवं स्पेशलिटी क्लीनिक श्रेणी में बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के दो-दो आयुष संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। इस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 75 हज़ार रुपए और द्वितीय पुरस्कार के तौर पर 50 हज़ार रुपए की राशि दी गई।
- बिलासपुर संभाग के रायगढ़ ज़िले के आयुष केंद्र कनकबीरा को प्रथम और कोरबा के आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक लेमरू को द्वितीय पुरस्कार से नवाज़ा गया।
- सरगुजा संभाग के अंतर्गत सूरजपुर के आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक बसदेई को प्रथम एवं जशपुर के आयुष केंद्र भेलवां को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

- बस्तर संभाग के तहत कांकेर ज़िले के आयुष केंद्र कोटतरा को प्रथम और कोंडागांव के आयुष केंद्र अनतपुर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

//

NATIONAL AYUSH MISSION

NATIONAL AYUSH MISSION
कायाकल्प

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/deputy-cm-gave-awards-to-25-ayush-institutions